## संपादकीय

# खट्टर की दूसरी पारी

आखिरकार बहुमत से कुछ दूर रहने के बावजूद मनोहर लाल खट्टर दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बन गये हैं। वे दोबारा सूबे के मुख्यमंत्री बने हैं, मगर इस बार उनकी ताकत पहले के मुकाबले कुछ कम रहेगी। इस बार निर्दलीयों और जननायक जनता पार्टी यानी जजपा की मदद से सरकार जो बनी है। रविवार को खट्टर के साथ ही दुष्यंत चौटाला ने भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। निःसंदेह मनोहर लाल खट्टर की आगे की राह पहले की तरह मखमली नहीं रहेगी, लेकिन वे जजपा के साथ साझा न्यूनतम कार्यक्रम पर सहमति से इस राह को आसान बना सकते हैं। इसमें दो राय नहीं कि दोनों पार्टियों का ही मकसद राज्य को विकास के पथ पर ले जाना ही है। चुनाव तक जजपा भाजपा की मुखर विरोधी रही है, मगर जब वह सत्ता में साझेदार है तो निःसंदेह अधिकारों की आकांक्षा के साथ दायित्वबोध भी होगा। जहां मनोहर लाल खट्टर के पास पांच साल की निष्कंटक पारी का अनुभव है, वहीं युवा दुष्यंत चौटाला की ऊर्जा व उत्साह मददगार होगी। यह बात अलग है कि दो अलग-अलग राजनीतिक संस्कृतियों से संबंध रखने वाले दोनों राजनेताओं के नजरिये में कुछ फर्क हो सकता है, मगर साथ मिलकर सरकार चलाने का दायित्वबोध राजनीतिक संयम भी देता है। निःसंदेह हर राजनीतिक दल का मकसद राज्य का विकास और लोककल्याणकारी शासन देना होता है। फिर बात श्रेय लेने की भी आती है। सरकार की आर्थिक सीमाएं भी हैं। विपक्ष में रहकर जनता को सब्जबाग दिखाना आसान होता है मगर जब हकीकत की पथरीली जमीन से वास्ता पड़ता है तो व्यावहारिक पक्ष लक्ष्यों का परिसीमन कर देते हैं। इस बात का अहसास देर-सवेर दुष्यंत चौटाला को भी होगा, जिनके पास कई दशक पुरानी राजनीतिक विरासत का अनुभव भी है। खुद की जमीन तैयार करने के संघर्ष का अनुभव उनका राजनीतिक कौशल बढ़ाएगा जो उनकी उपमुख्यमंत्री की पारी में मददगार साबित हो सकता है।

निःसंदेह, भाजपा के मजबूत संगठन का लाभ मनोहर लाल खट्टर को दूसरी पारी में पहले की तरह मिलेगा। केंद्र में भी भाजपा सरकार होने का अतिरिक्त लाभ उन्हें मिलेगा। फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कृपापात्र होने के कारण राज्य की बड़ी विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में संसाधनों की कमी नहीं होनी चाहिए। जब भाजपा और जजपा सत्ता में साझेदार बने हैं तो जाहिर है कि किसी सीमा तक न्यूनतम साझा कार्यक्रम के क्रियान्वयन पर सहमति बनी होगी। कुछ मुद्दों को लेकर असहमति और अंतर्विरोध हो सकते हैं, मगर जनता का कल्याण भी दोनों दलों का लक्ष्य होना चाहिए। बावजूद इसके कि दोनों दलों द्वारा अपनी राजनीतिक अस्मिता को अलग दिखाने की कोशिश जरूर होगी। समय के साथ-साथ कई तरह के अंतर्विरोध गाहे-बगाहे विभिन्न राजनीतिक दलों की साझा सरकारों में नजर आते भी रहे हैं।

# फिर महंगा हुआ रसोई गैस सिलेंडर



**नर्ठदिल्ली (आरएनएस)।** पहले से ही मंहगाई की मार झेल रही आम जनता को बड़ा झटका लगा है। आज 1 नवंबर से रसोई गैस सिलेंडर महंगा हो गया है। लगातार तीसरे महीने रसोई गैस के दाम में इजाफा हुआ है। देश के प्रमुख महानगरों में बिना-सब्सिडी वाला गैस सिलेंडर करीब 76.5 रुपये महंगा हुआ है। बता दें कि अभी तक घरेलू सिलेंडर 639.50 रुपए का मिल रहा था।

### अब चुकाने होंगे इतने पैसे

आज से दिल्ली में 14.2 किलो के बिना सब्सिडी वाले सिलेंडर के लिए आपको 681.50 रुपये चुकाने पड़ेंगे। कोलकाता में इसका दाम 706 रुपये है। वहीं मुंबई और चेन्नई में 14.2 किलो के बिना सब्सिडी वाले सिलेंडर का दाम क्रमशः 651 और 696 रुपये है। वहीं, 19 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 1204 रुपये हो गई है। कोलकाता में 1258 रुपये, मुंबई में 1151.50 रुपये और चेन्नई में इसका दाम 1319 रुपये हो गया है।

### अक्तूबर माह में भी बढ़े थे दाम

पिछले माह अक्तूबर में भी रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी हुई थी। तब देश के प्रमुख महानगरों में बिना-सब्सिडी वाला गैस सिलेंडर करीब 15 रुपये महंगा हुआ था। अक्तूबर से दिल्ली में 14.2 किलो के बिना सब्सिडी वाले सिलेंडर के लिए आपको 605 रुपये चुकाने पड़ते थे। कोलकाता में इसका दाम 630 रुपये था। वहीं मुंबई और चेन्नई में 14.2 किलो के बिना सब्सिडी वाले सिलेंडर का दाम क्रमशः 574.50 और 620 रुपये था। 19 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 1085 रुपये थी। कोलकाता में 1139.50 रुपये, मुंबई में 1032.50 रुपये और चेन्नई में इसका दाम 1199 रुपये था।

### सितंबर में भी हुआ था इजाफा

सितंबर में दिल्ली में 14.2 किलो का बिना सब्सिडी वाला सिलेंडर 590 रुपये का था। कोलकाता में इसका दाम 616.50 रुपये था। वहीं मुंबई और चेन्नई में 14.2 किलो के बिना सब्सिडी वाले सिलेंडर का दाम क्रमशः 562 और 606.50 रुपये था।

# पूजा स्वर्ण मुकाबले में, भारत का दूसरा पदक पक्का



**नईदिल्ली।** भारत की पूजा गहलोत शानदार प्रदर्शन करते हुए हंगरी के बुडापेस्ट में चल रही अंडर-23 विश्व कुश्ती प्रतियोगिता में महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में गुरूवार को फाइनल में पहुंच गयीं और उन्होंने प्रतियोगिता में भारत का दूसरा पदक पक्का कर दिया जबकि ज्योति को 50 किग्रा के कांस्य पदक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

पूजा ने 53 किग्रा में क्वालिफिकेशन में रूस की एकातेरिना वेरबीना को 8-3 से तथा क्वार्टरफाइनल में ताइपे की मेंग सुआन सीह को 8-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उन्होंने तुर्की की जेनैप येतगिल को 8-4 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बना ली। पूजा का स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला जापान की हारुना ओकुनो से आज होगा।

इससे पहले पुरुष फ्रीस्टाइल में रविंदर 61 किग्रा के फाइनल में पहुंचे थे और उन्हें रजत से संतोष करना पड़ा था। भारत ने इस तरह अपने पिछले प्रदर्शन में सुधार कर लिया है। भारत ने पिछली चैंपियनशिप में एक रजत पदक जीता था।

# एस्कॉर्ट् के ट्रैक्टरों की बिक्री अक्टूबर में 1.6 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कृषि उपकरण बनाने वाली कंपनी एस्कॉर्ट लिमिटेड की ट्रैक्टर बिक्री अक्टूबर महीने में 1.6 प्रतिशत बढ़कर 13,353 इकाई रही। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक साल पहले की इसी अवधि में उसने 13,140 ट्रैक्टरों की बिक्री की थी। एस्कॉर्ट लिमिटेड ने शेयर बाजारों को बताया कि इस साल अक्टूबर में घरेलू बाजार में उसकी ट्रैक्टर बिक्री 1.3 प्रतिशत बढ़कर 13,034 इकाई रही। अक्टूबर 2018 में उसने 12,867 ट्रैक्टर बेचे थे। कंपनी ने कहा कि अक्टूबर 2019 में उसने 319 इकाइयों का निर्यात किया। एक साल पहले के इसी महीने में यह आंकड़ा 273 वाहन था। इस दौरान , बिक्री में 16.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# ओलिंपिक क्वॉलिफायर : पुरुष हॉकी टीम का सामना रूस से, अमेरिका से भिड़ेंगी महिलाएं



**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को शुक्रवार को यहां निचली रैंकिंग की रूस की टीम के खिलाफ होने वाले दो चरण के ओलिंपिक चॉलिफायर में आत्ममुग्धता से बचना होगा, जबकि महिला टीम को अमेरिका की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। भारत की ये दोनों टीमें तोक्यो ओलिंपिक के लिए टिकट कटाने से महज दो मैच दूर हैं। मनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम को हालांकि 22 नंबर के रूस के रूप में आसान प्रतिद्वंद्वी से भिड़ना है, जबकि महिलाओं को एफआईएच ओलिंपिक क्वॉलिफायर के अंतिम दौर में अमेरिकी लड़कियों का सामना करना है।

दोनों टीमें शुक्रवार और शनिवार को लगातार दो मैच खेलेंगी। दो मैचों के चॉलिफायर में विजेता (पुरुष और महिला टीम में से) 2020 तोक्यो ओलिंपिक के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कर लेगा। विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम के रूस के खिलाफ आसान मुकाबले की उम्मीद है लेकिन कोच ग्राहम रीड इस बात से भलीभांति वाकिफ हैं कि एक खराब दिन से भारत का ओलिंपिक सपना टूट सकता है।

# बैंक ऑफ इंडिया को दूसरी तिमाही में 266 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही में 266.37 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। फंसे कर्ज के लिए प्रावधान में गिरावट से उसका मुनाफा बढ़ा है। एक साल पहले की जुलाई - सितंबर अवधि में बैंक को 1,156.25 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि दूसरी तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 11,985.50 करोड़ रुपये हो गई। 2018-19 की इसी तिमाही में उसकी आय 10,800.24 करोड़ रुपये थी। फंसे कर्ज के लिए प्रावधान सितंबर तिमाही में कम होकर 1,452.09 करोड़ रुपये रह गया। एक साल पहले की इसी तिमाही में यह आंकड़ा 3,343.27 करोड़ रुपये था। सितंबर 2019 के अंत तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) कम होकर सकल कर्ज के 16.31 प्रतिशत पर आ गयीं। 30 सितंबर 2018 को यह आंकड़ा 16.36 प्रतिशत पर था। बैंक का शुद्ध एनपीए भी 7.64 प्रतिशत से गिरकर 5.77 प्रतिशत पर आ गया। मूल्य के आधार के संदर्भ में, बैंक का सकल एनपीए सितंबर तिमाही के अंत तक 61,475.60 करोड़ रुपये के पूर्वस्तर पर रहा।

# गंगूबाई में आलिया भट्ट के ऑपोज़िट दिखेंगे अजय देवगन?



संजय लीला भंसाली की मोस्ट अवेटेड फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी काफी चर्चा में है। अब जो अफवाहें उड़ती हुई सुनने में आ रही हैं, उनमें बताया जा रहा है कि इस फिल्म में आलिया भट्ट के ऑपोज़िट हो सकते हैं अजय देवगन।

जैसा कि हम सभी जानते हैं इस फिल्म में आलिया लीड रोल में नजर आनेवाली हैं। 1960 की कहानी के दर्शाने वाली इस फिल्म में रेड लाइट एरिया कमाठीपुरा की कहानी होगी, जिसमें आलिया पावरफुल किरदार में दिखेंगी। अब आलिया के ऑपोज़िट अजय देवगन को देखना वाकई मजेदार होगा, जो गंगुबाई को माफिया डॉन का काम सिखाते हुए उनके प्यार में पड़ जाते हैं।

फिल्म से जुड़ा यह डिवेलपमेंट पिछले वीक ही हुआ है, जब अजय और भंसाली आनंद पंडित की दिवाली पार्टी में एक-दूसरे से मिले थे। दोनों घंटों एक-दूसरे से बातचीत करते दिखे और इसके कुछ दिन बाद दोनों भंसाली के ऑफिस में भी मिले। कहा जा रहा है कि डायरेक्टर ने ऐक्टर को दो अन्य फिल्मों का ऑफर दिया है, जिसमें अगले साल दिवाली पर रिलीज़ होनेवाली उनकी फिल्म बैजू बावरा भी शामिल है। कहा जा रहा है कि अजय को तानसेन के रोल के लिए सम्पर्क किया गया है, लेकिन उन्हें गंगूबाई वाला कैरक्टर ज्यादा पसंद आया है।

# कृति सेनन ने शुरू की मिमी की शूटिंग, दिखेंगी इस दमदार किरदार में



इन दिनों ऐक्ट्रेस कृति सेनन बॉलिवुड की बिजी ऐक्ट्रेसेस में से एक हैं। हाल ही में उनकी फिल्म हाउसफुल 4 रिलीज हुई है, जिसे खूब पसंद किया जा रहा है। अब कृति ने अपनी अगली फिल्म मिमी की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म का पहला शेड्यूल राजस्थान में शुरू हुआ है।

फिल्म के बारे में बात करते हुए कृति सेनन ने कहा, इस महिला केंद्रित फिल्म का हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हूं क्योंकि यह फिल्म एक बहुत ही अहम मुद्दे पर प्रकाश डालती है।

कृति इस फिल्म को अपने करियर में मील का पत्थर मानती हैं क्योंकि उनके मुताबिक यह उनके करियर का अब तक का सबसे मजबूत रोल है। इस फिल्म की मुख्य कहानी एक महिला के इर्द-गिर्द ही घूमती है।

कृति खुश हैं लेकिन साथ में नर्वस भी क्योंकि अभी उन्हें इस फिल्म के ढेरों तैयारियां करनी हैं। बता दें कि इस फिल्म के जरिए कृति लुका छुपी डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर और को-स्टार पंकज त्रिपाठी के साथ दोबारा काम करने जा रही हैं। इस फिल्म के अलावा कृति पानीपत में भी नजर आएंगी। साथ ही फिल्म पति पत्नी और वो में भी उनका एक स्पेशल अपियरेंस में नजर आएंगी।

# विजय की फिल्म बिगिल 5 दिनों में कमा डाले 200 करोड़



साउथ के सुपरस्टार विजय की फिल्म बिगिल ने बॉक्स ऑफिस पर डबल सेंचुरी लगा दी है। मेगा बजट के इस स्पॉर्ट्स ड्रामा ने ग्लोबल मार्केट में सिर्फ 5 दिनों में 200 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

यह तमिल सिनेमा की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में शुमार हो गई है। डायरेक्टर ऐटली की यह फिल्म टिकट विंडो पर नए बेंचमार्क सेट कर रही है। चूंकि 8 नवंबर तक कोई बड़ी रिलीज नहीं है, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि बिगिल डोमेस्टिक मार्केट में अपना प्रभुत्व बनाए रखेगी।

फिल्म का इंटरवेल सीच ंस दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। खास बात यह है कि यह डायरेक्टर ऐटली का भी फेवरिट सीन है। 180 करोड़ की लागत से बनी इस फिल्म में नयनतारा, जैकी श्रॉफ, योगी बाबू जैसे ऐक्टर्स भी अहम किरदारों में हैं।

## आज का राशिफल

*मेषः-* आज का दिन कोई विशेष व्यवस्था करने में बीतेगा। आपका भौतिक और सांसारिक दृष्टिकोण आज के दिन कुछ बदल सकता है। सावधानीपूर्वक वही काम करने की चेष्टा करें, जिससे आपका आत्मसम्मान बढ़े।

*वृषभः-* आपकी राशि का स्वामी शुक्र तुला राशि में बुध के साथ संचार कर रहा है। शनि संपूर्ण शुभ दृष्टि से अपनी राशि को देख रहा है।

*मिथुनः-* आपकी राशि का स्वामी बुध षष्ठम शत्रु भाव में सूर्य से तप्त एवं विकल है। फलतः- आज का दिन भाग दौड़ और विशेष चिन्ता में व्यतीत होगा।

*कर्कः-* कर्क राशि चन्द्रमा की राशि है। आज राशि से सप्तम चन्द्रमा उत्तम संपत्ति की प्राप्ति की ओर संकेत कर रहा है, जिसमें कुछ खर्च भी संभव है।

*सिंहः-* राशि का स्वामी सूर्य तुला राशि का होकर तृतीय पराक्रम भाव में भाग्य वृद्धि में सहायक सिद्ध हो रहा है। बुध के द्वादश होने से कार्यस्थल में स्थान परिवर्तन आपके लिए अच्छा सिद्ध होगा।

*कन्याः-* आज आपके पास अनेक प्रकार के लोग आश्रय लेने आ सकते हैं। नौकरी या कार्य व्यवसाय के क्षेत्र में चुप रहना ही आज लाभकारक होगा। बहस व टकराव से बचें।

*तुलाः-* आपकी राशि का स्वामी शुक्र राशि से प्रथम भाव में सुख वृद्धि व मनसंतोष कारक है। किसी निकट मित्र की सलाह व सहयोग से आप अपने बिगड़े काम ठीक से कर सकते हैं, समय का लाभ उठाएं।

*वृश्चिकः-* आज का दिन आपके काम को सुधारने में विशेष योगदान दे रहा है। किसी विशेषज्ञ की सलाह आपके लिए आगे चलकर उपयोगी सिद्ध होगी।

*धनुः-* चन्द्रमा भी आज द्वितीय भाव में अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति कराकर कोषवृद्धि कर सकता है। आप अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें।

*मकरः-* आपकी राशि का स्वामी शनि राशि से 12वें घर में और चन्द्रमा द्वादश भाव में कुछ अधिक व्यस्तता का संकेत दे रहे हैं। व्यापार व्यवसाय की तरफ ध्यान देना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

*कुंभः-* आज आपकी राशि से कर्म केन्द्र दशम भाव में द्विग्रही योग बुध, गुरु आपकी भाग्य वृद्धि करेगा। धन कीर्ति की वृद्धि होगी। प्रबल से प्रबल विरोधियों के होने पर भी अन्त में सर्वत्र विजय विभूति सफलता की प्राप्ति से हर्ष होगा।

*मीनः-* आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति वृश्चिक राशि का होकर नवम भाग्य केन्द्र भाव में चल रहा है। मनोरथ सिद्धि कारक है। धार्मिक कार्यों में रुचि व निकट की यात्रा संभव है।

# चने की सब्जी बनाने की विधि...



**सामग्रीः**

डेढ़ कप काले चने, डेढ़ कप दही, डेढ़ टेबलस्पून बेसन, 1/2 टीस्पून हल्दी पाउडर, नमक, स्वादानुसार, ढाई टेबलस्पून देसी घी, 1 टीस्पून जीरा, 2 तेज पत्ता, इंच दालचीनी, हींग, चुटकीभर, 2 टीस्पून अदरक-लहसुन पेस्ट, 1 हरी मिर्च, बारीक कटी हुई, 1 टेबलस्पून, धनिया पत्ती, बारीक कटी हुई, तड़के के लिए- 1 टेबलस्पून घी, हींग, चुटकीभर, 1/2 टीस्पून सरसों, 4 मथानिया साबुत लाल मिर्च, 1/2 टीस्पून मथानिया लाल मिर्च पाउडर, 1 टेबलस्पून धनिया पत्तियां, बारीक, कटी हुई

**विधि :**

चनों को पांच कप पानी में रातभर या आठ घंटे के लिए भिगोकर रखें। 41/2 कप पानी डालें और प्रेशर कुकर में मुलायम होने तक पकाएं। छानकर पानी अलग करें, लेकिन इस पानी को फेंकें नहीं। कुछ चनों को भी मसल लें। बेसन, दही, हल्दी और नमक को एकसार होने तक मिलाएं। गहरी तली वाली कढ़ाई में ढाई चम्मच देसी घी डालें। तेज पत्ता, दालचीनी और जीरा डालें। जब जीरा तड़कने लगे, तो हींग और हरी मिर्च डालें। अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें और तब तक भूनें जब तक कि तेल अलग न हो जाए। बेसन-दही वाला मिश्रण डालकर लगातार चलाएं। उबले चने और पानी डालकर अच्छी तरह मिलाएं। मिनट के लिए ढंककर पकाएं। बारीक कटा हरा धनिया डालकर चलाएं। एक पैन में एक टेबलस्पून देसी घी, सरसों डालें। सरसों के तड़कने पर उसमें साबुत लाल मिर्च और हींग डालें। आंच बंद करके लाल मिर्च पाउडर डालें और चने के ऊपर तड़का लगाएं। हरी धनिया से सजाकर गर्मागर्म चने को परोसें।


## शब्द सामर्थ्य- 31

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादर 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए, गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 30 का हल**



## सू-दोकू- 31

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र30का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |